Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)


APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 24-03-2022 | अंक 176


Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## संपादकीय

### राजनीतिक सुधारो की तरफ बढ़ता पंजाब की नई सरकार आप का साहसिक और सराहनीय कदम : डॉक्टर अनिल कुमार



डॉक्टर अनिल कुमार



अरविंद केजरीवाल

पंजाब सरकार ने एक अभूतपूर्व फैसला लिया है। जिसमे भूतपूर्व विधायक एवं मंत्रियों को मिलने वाले पेंशन बंद कर दी गई है। यह एक साहस और चुनौती भरा स्वागतयोग्य कदम है। साथ ही उन्होंने कहा की राजनीति में गंदगी को साफ करने में यह फैसला बहुत ही मददगार साबित होगा। दरअसल राजनीति में आप नए प्रयोग करता रहा है और उसे इन प्रयोगों में सफलता मिलती रही है। प्रोटोक०ल के द्वारा अपने आप को सम्मान दिलाना और अपने आप को टप्प् का दर्जा दिलाना, खुद को जनता से ऊपर समझना इन सभी मे भी सुधार की जरूरत है। सरकारें सुरक्षा के नाम पर मंत्रियों को 50 से 60 लाख की लक्जरी कारें आवंटित करती है। और रहने के लिए बड़े बड़े महलों की तरह बंगला आवंटित करने में भी परहेज नही करती हैं। नतीजा यह होता है टटप्प् कल्चर राजनीति में आ जाता है। और नेता सत्ता में बने रहने के लिए और मलाई काटने के लिए सारे नैतिक –अनैतिक जुगाड भिड़ाते रहते है। बेहतर तो यह होता कि जन प्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र के अंतिम पायदान पर खड़ी जनता के जीवन स्तर पर जीने को कानून के द्वारा मजबूर किया जाता है। अगर एसा सम्भव होता है तो रा. जनीति और राजनीतिज्ञ दोने की विश्वसनीयता बढ़ती जाती है। सेवा भाव से अच्छे लोग राजनीति में आते और टप्प् कल्चर समाप्त होने की दिशा में होता। पंजाब में आप के राजनीति में यह पहल मिल का पत्थर साबित होगा और स्वच्छ राजनीति करने वालो का मनोबल बढ़ेगा।

### बेंदगी के एक मजदूर का कर्नाटक में हुई मौत, गांव में पसरा मातम

बरही थाना अंतर्गत बेंदगी निवासी राजेंद्र यादव पिता स्व नुनु महतो का मौत कर्नाटक में हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक कर्नाटक के के एन आर सी एल नाम के एक प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। मृतक का पार्थिव शरीर शाम चार बजे उनका पैतृक गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही गांव में मातम पसर गया।



जहां आज शाम उनका अंतिम संस्कार किया गया।




# प्रजापति समाज के विकास के लिए एकजुटता के साथ शिक्षा पर जोर देना होगा : बाटुल

## झारखण्ड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ की ओर से वार्षिक प्रजापति मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखण्ड प्रजापति कुम्हार महासंघ की ओर से अनुमंडलीय स्तरीय वार्षिक प्रजापति मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।। कार्यक्रम की अध्यक्षता बरही प्रखंड अध्यक्ष संतोष प्रजापति एवं संचालन प्रजापति समाज के संरक्षक कृष्णा प्रजापति एवं चौपारण प्रखंड अध्यक्ष रामावतार प्रजापति ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन बेरमो के पूर्व विधायक सह झारखण्ड प्रजापति कुम्हार महासंघ के संरक्षक योगेश्वर महतो उर्फ बाटुल, प्रदेश सदस्यता प्रभारी ईश्वर चंद्र प्रजा. पति, उतरी छोटानागपुर सदस्यता प्रभारी नरेंद्र पंडित उर्फ पप्पू , सह प्रभारी विक्रम महतो, जिला संयोजक गोपाल पंडित, कोडरमा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष कामनी देवी, प्रजापति समाज के सम्मानित अध्यक्ष तोखन प्रजापति, मुख्य संरक्षक देवधारी प्रजापति, चौपारण सचिव रामसुंदर प्रजापति, कोषध्यक्ष अशोक प्रजापति, प्रीतम पंडित, सचिव अर्जुन प्रजापति, महिला अध्यक्ष संगीता देवी, सचिव उषा रानी कोषध्यक्ष शीला देवी, उपाध्यक्ष कमला देवी, आभाकान्त पंडित, रेणु देवी एवं शिक्षिका कुमारी निर्मला एवं शिक्षक अयोध्या प्रजापति ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर एव श्री दक्ष प्रजापति, श्रीयादे माता के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। दिव्या एंड ग्रुप के द्वारा स्वागत गाया गया। उसके बाद मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों को बुके, माला, पगड़ी एवं अंगवस्त्र के साथ स्वागत एवं सम्मानित किया गया। इसके साथ ही बारही , चौपारण, बरकठ्ठा, चलकुसा, इचाक, पदमा से आए प्रखंड कमिटी, ग्राम कमेटी सहित प्रजापति समाज को आगे बढ़ाने वाले स्वयं सेवको को पगड़ी पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। महिला कमेटी की ओर से भाजपा महिला नेत्री कामनी देवी, चाणक्या आईएस एकेडमी की जीएम रीमा मिश्रा, कुमारी निर्मला, उषा रानी, संगीता देवी को भी पगड़ी पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर कर स्वागत किया गया। मीडिया कर्मी सोनू पंडित, योगेंद्र प्रजापति, बिकास प्रजापति, को भी सम्मानित किया गया। शिक्षक अयोध्या प्रजापति ने स्वलिखित माता पिता की महिमा से जुड़ी कविता पाठ किया। मौके पर 75 वर्ष से उपर बरही, चौपारण सहित अन्य ब्ल०क के कुल 200 लोगों को श०ल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रजापति समाज के बच्चो एवं बच्चीयों ने एक से बढ़कर एक गीत ज्ञायन, नृत्य एवं नाटक की प्रस्तुति दी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा के खिलाफ नाटक का मंचन कर उसके दुष्परिणाम से अवगत कराया। सभा को मुख्य अतिथि योगेश्वर महतो उर्फ बाटूल,ईश्वरचन्द्र प्रजापति, विक्रम महतो उर्फ विक्रम प्रजापति, उषा रानी , अभकान्त पंडित , मीणा देवी ने समाज के विकास के लिए सामाजिक एकजुटता पर जोर दिया। शिक्षा पर जोर दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नीतू, ललिता,ममता, उषा,दिव्या, प्रियंका, सुमन, निक्की, आदि का प्रस्तुति ने सबका मन मो. हा। कार्यक्रम में पहुंची चाणक्या आईएएस एकेडमी की जीएम रीमा मिश्रा ने प्रजापति समाज की गौरवशाली इतिहास से अवगत कराते हुए प्रजापति समाज की क्रियेटर की संज्ञा दी। साथ ही घोषणा की की गरीब मेधावी बच्चों को स्क०लरशिप देंगे। मौके पर प्रदीप प्रजापति, नरेश प्रजापति, परमेश्वर प्रजा. पति, दशरस्थ प्रजापति,तोखन प्रजाति, देवधारी प्रजापति, नारायण प्रजापति, अयोध्या प्रजा. पति, कृष्णा प्रजापति, संतोष कुमार प्रजापति, ज्ञानदेव पंडित, मोहन प्रजापति, अर्जुन प्रजापति, राहुल कु प्रजापति, अरुण प्रजाति, दिनेश प्रजापति, सोनू पंडित, प्रीतम पंडित, अर्जुन पंडित, बालेश्वर प्रजापति, चेतलाल प्रजापति, रूपलाल प्रजापति, विक्रम कुमार, योगेंद्र प्रजापति, विकास कुमार, राजेंद्र प्रजापति, विशाल कुमार, तुलसी प्रजापति, गणेश प्रजापति, नरेश कुमार, सूरज कुमार, राजेश कुमार, सिकंदर प्रजापति, विजय प्रजापति, रोहित कुमार, केशर प्रजापति, श्रीराम प्रजापति, कैलाश प्रजापति, अर्जुन पंडित, संतोष प्रजापति, उषा रानी, संगीता देवी, आभा कांत पंडित, निर्मला पंडित, सहित हज़ारो लोग शामिल थे।




सामाजिक एकजुटता का परिचय देते प्रजापति समाज के लोग








डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## समाजसेवी कामेश्वर सिंह के पिता का निधन, अंतिम संस्कार में शमिल हुए विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड के केदारूत पंचायत अंतर्गत खेरौन के वरिष्ठ समाजसेवी कामेश्वर सिंह के पिता जागो सिंह का निधन 92 वर्ष में बीते दिन हो गया। इनके निधन का खबर पाते ही विधायक प्रतिनिधि सह कांग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव ने मृतक के परिजनों से मिलकर शोक संतप्त कर उनका ढांढस बंधाया। साथ ही मृत आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किए। साथ ही साथ उन्होंने कहा की जागो सिंह मृदुल स्वभाव के सामाजिक व्यक्ति थे। सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़कर भाग लिया करते थे, उनके निधन होने से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई है। अंतिम संस्कार में शामिल होने वालो में विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार यादव, क्षत्रिय महासभा के सभापति गोपाल सिंह, प्रखंड कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह, राजेश सिंह उर्फ रजी सिंह, शिव कुमार सिंह, कैलाश सिंह, पिंटू सिंह, विक्रम सिंह, बबलू सिंह, विवेक सिंह, दिनेश्वर सिंह, अवध सिंह, धीरेंद्र सिंह, सत्यम सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, विक्की सिंह, मनोज सिंह, उपक सिंह, सुजीत सिंह, उमेश सिंह, बसंत सिंह, सत्येंद्र सिंह, ठाकुर अर्जुन सिंह, विजय महात्मा, दशरथ सिंह, गणेश सिंह, अजय सिंह, सकलदेव सिंह, अरुण सिंह, राजेंद्र सिंह, मनोहर सिंह, शंभू सिंह, सूबेदार सिंह समेत सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

## अन्तिम संस्कार में शामिल हुए समाजसेवी संजय यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत दुल्महा पंचायत के तेलोडिह निवासी समाजसेवी राजेन्द्र यादव की मां जसिया देवी का निधन बुधवार रात्रि 11 बजे हो गया। जानकारी के अनुसार जसिया देवी काफी दिनों से बीमार चल रही थी। लगभग 70 वर्ष की उम्र में वे आखरी सांस ली। इस बात की खबर मिलते ही समाजसेवी संजय यादव ने मृतक के परिजनों से मिलकर शोक संतप्त कर उनका ढांढस बंधाया। साथ ही उन्होंने कहा की यह एक स्तर पर जाने जाती थी। उनका जाना गांव समाज के लिए काफी क्षति हुई है। उनका अंतिम संस्कार उनका पैतृक में किया गया, मौके पर भावी जिला परिषद प्रत्याशी संजय यादव, भावी मुखिया प्रत्यासी नारायण यादव, सोना यादव, राजेन्द्र यादव, बिरेंद्र यादव, कैलाश यादव, किशोर यादव, सुनील यादव, सुजीत कुमार, अनिल कुमार, सहदेव यादव, विजय यादव, राकेश यादव, परमेश्वर यादव, रोहित यादव, सुबाश यादव, पिंटू यादव, मंटू, रामप्रवेश, महादेव यादव, केशो यादव, लालधारी यादव, गिरधारी यादव, गंगू यादव, बुधन यादव, रामेश्वर यादव, बहादुर यादव एवं गांव के सैकड़ों

## कस्तूरबा विद्यालय में एसएमसी की बैठक में विद्यालय विकास पर चर्चा

### गुणवत्ता युक्त शिक्षा मुहैया कराना हमारा मकसद : नेहा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता एवं संचालन वार्डन नेहा कुमारी ने किया। बैठक में वार्डन नेहा कुमारी के द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत की गई। मौके पर एसएमसी के सभी सदस्यों को पहचान पत्र दिया गया स पूर्व में प्रस्तावित कार्ययोजना की जानकारी दी गई। इसके साथ ही मैट्रिक और इंटरमीडिएट छात्राओं के परीक्षा से सं. बंधित जानकारी दी गई । विद्यालय में पानी की निकासी के लिए एक नाली बनाने का प्रस्ताव पारित हुआ। साथ ही अंशकालिक शिक्षकेतर कर्मियों का प्रति कर्यादिवस 25 की बढ़ौतरी की गई। बैठक में विद्यालय विकास एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा पर जोर दिया ग्याम बैठक में वार्डन नेहा कुमारी, कल्याण पदाधिकारी उपेन्द्र कुमार,अध्यक्ष गीता देवी, उपाध्यक्ष सरिता मसोमात , ज्योति वर्मा, सुषमा टोप्पो, पिंकी कुमारी, सुनीता देवी, सुशीला मसोमत, प्रभाकर पाठक,जावेद आलम,बासुदेव महतो, एंव बाल संसद की मधु कुमारी उपस्थित थे।

## बरही अनुमंडलीय अस्पताल में मनाया गया विश्व यक्ष्मा दिवस, दी गई महत्वपूर्ण जानकारियां

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही अनुमंडलीय अस्पताल में गुरुवार को विश्व यक्ष्मा दिवस मनाया गया। जहां अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी ने टीबी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही साथ उन्होंने टीवी के लक्षण एवं टीवी उपचार के बारे में विशेष जानकारी दी

**टीबी के लक्षण**

भूख न लगना, कम लगना तथा वजन अचानक कम हो जाना बेचौनी एवं सुस्ती छाई रहना, सीने में दर्द का एहसास होना, थकावट रहना व रात में पसीना आना। हलका बुखार रहना, हरारत रहना। खाँसी आती रहना, खाँसी में बलगम आना तथा बलगम में खून आना। कभी-कभी जोर से अचानक खाँसी में खून आ जाना। गर्दन की लिम्फ ग्रंथियों में सूजन आ जाना तथा वहीं फोड़ा होना। गहरी साँस लेने में सीने में दर्द होना, कमर की हड्डी पर सूजन, घुटने में दर्द, घुटने मोड़ने में परेशानी आदि। महिलाओं को टेम्प्रेचर के साथ गर्दन जकड़ना, आँ खें ऊपर को चढ़ना या बेहोशी आना ट्यूबरकुलस मेनिन्जाइटिस के लक्षण हैं। पेट की टी. बी. में पेट दर्द, अतिसार या दस्त, पेट फूलना आदि होते हैं। टी.बी. न्यूमोनिया के लक्षण में तेज बुखार, खाँसी व छाती में दर्द होता है।

**टी.बी. का उपचार**

टी.बी. के उपचार की शुरुआत सीने का एक्स-रे लेकर तथा थूक या बलगम की लेबोरेटरी जाँच कर की जाती है। आजकल टी.बी. के उपचार के लिए अलग-अलग एंटीबायो. टिक्स/ एंटीबेक्टेरियल्स दवाओं का एक साथ प्रयोग किया जाता है। यह उपचार लगातार बिना नागा 6 से 9 महीने तक चलता है। इस रोग की दवा लेने में अनियमितता बरतने पर, इसके बैक्टीरिया में दवाई के प्रति प्रतिरोध क्षमता उत्पन्न हो जाती है। इससे बैक्टीरियाओं पर फिर दवा का असर नहीं होता। यह स्थिति रोगी के लिए खतरनाक होती है। एंटीबायोटिक्स ज्यादा प्रकार की देने का कारण भी यही है कि जीवाणुओं में प्रतिरोध क्षमता पैदा न हो जाए। उपचार के दौरान रोगी को पौष्टिक आहार मिले, वह शराब-सिगरेट आदि से दूर रहे।बच्चों को टी.बी. से बचने के लिए बी.सी.जी. का टीका जन्म के तुरंत बाद लगाया जाता है। अब ये माना जाने लगा है कि बीसीजी के टीके की इसमें कोई भ. ूमिका नहीं है। टीबी की रो. कथाम के लिए मरीज के परिवारजनों को भी दवा दी जाती है, ताकि मरीज का इन्फेक्शन बाकी सदस्यों को न लगे जैसे पत्नी, बच्चे व बुजुर्ग अदि। इसके लिए उन्हें आ. इसोनेक्स की गोली तीन माह तक दी जाती है। मौके पर बीपीएम नारायण राम, डॉक्टर अर्जुन सोरेन, ड०क्टर अनुभा कुमारी, पंकज कुमार, विजेंद्र कुमार, रविशंकर कुमार, उपेंद्र कुमार, महादेव कुमार, विनय सिन्हा, विष्णु कुमार महतो, प्रहलाद कुमार, लैब एलटीडी जैबा प्रवीण, एलटी मोहम्मद शाहिद एवं सैकड़ों सहिया मौजूद थे।

## रामनवमी जुलुश निकालने की अनुमति दे सरकार : मो कयूम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



मो कयूम

झारखण्ड सरकार द्वारा रामनवमी पूजा में जुलुश निकालने में प्रतिबंध लगा दिया गया है। सरकार के इस निर्णय पर हिन्दू समुदाय के साथ साथ मुस्लिम समाज के लोगों ने सरकार के आदेश पर आपत्ति जताते हुए कड़ा एतराज जताया है। सामा. जिक कार्यकर्ता एवं जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने झारखंड सरकार के आदेश पर ऐतराज जताते हुए रामनवमी जुलुश निकालने की अनुमति देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूरे हज़ारीबाग़ में शांति एवं सौहार्द का माहौल है। हज़ारीबाग़ की रामनवमी देश ही नही बल्कि विदेशों में भी एक खास पहचान है। लाखों लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। देश विदेश के लोग हज़ारीबाग़ की रामनवमी देखने आते है। श्रद्धालुओं में रामनवमी को लेकर गजब का उत्साह रहता है। आदेश नही मिलने से लोगों में गहरी नाराजगी है। सरकार को जन भावना को देखते हुए तत्काल रामनवमी के जुलुश निकालने की अनुमति मिलनी चाहिए। क्योंकि फिलहाल हज़ारीबाग़ सहित पूरे झारखण्ड में कोरोना का कोई प्रभाव नही है।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर


## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI

UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


**ADMISSION OPEN NOW**




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X[th] Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26[th] Jan & 15[th] Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र० कुशवाहा) की कलम से





## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस






फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।

नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे–नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)

Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881

Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)

Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)

Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग



वादा नहीं विकास करेंगे... जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य मतदान देकर भारी मतों से विजयी बनाएं...!

सोच हमारी विकास आपका



**कपिल प्रसाद केशरी** भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी



जोश है, होश है, संकल्पों से यारी है



विकास,समृद्धि और खुशहाली की बारी है

## कुंती देवी

भावी जिला परिषद प्रत्याशी बरही पश्चिमी भाग (4)

तापेश्वर प्रसाद

सामाजिक कार्यकर्ता


डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## एयरफोर्स ग्रुप एक्स में नव चयनित युवक का पूर्व विधायक ने मिल कर दी बधाई

**अपेम लाइव पदमा**



पदमा निवासी यमुना प्रसाद का पुत्र रवि यादव का एयरफोर्स ग्रुप एक्स में चयन होने की सूचना पाकर बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव यमुना प्रसाद के घर जाकर उनके पुत्र रवि यादव को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दिया। इस बाबत उन्होंने कहा कि एक पिता खुद घर से दूर रह कर अपने परिवार का जीविकोपा. र्जन के साथ बच्चों को उच्च कोटि का शिक्षा दिया यही कारण है कि आज इनका चयन एयरफोर्स में हुआ। मैं बरही के तमाम किसान, मजदूर एवं व्यवसायी भाइयों सहित सभी प्रदेश वासियों को कहना चाहता हूं की परिस्थितियां चाहे जितनी भी प्रतिकूल हो आप अपने बच्चों को शिक्षा देने में कभी कोताही ना बरतें, शिक्षा ही एक ऐसी हथियार है जिससे बच्चे अपने व आपके जीवन का स्वरूप को बदल सकते हैं, उन्होंने एयरफोर्स में नव चयनित रवि यादव को कहा कि देश के किय्य समर्पित भाव से अपने कर्तव्यों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर अपने माता-पिता सहित क्षेत्र का नाम रोशन करें। मौके पर समीम अंसारी, बसतपुर पंचायत मुखिया टालो मांझी, अशोक गंझू, सुरेंद्र शर्मा, मुन्ना पांडेय, प्रयाग गोप, किशुन गोप, फागु गोप, दिलीप यादव, संतोष यादव, राजू यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## चलकुशा में ज्वेलरी एवं बर्तन दुकान का मुखिया ने किया उद्घाटन



**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा : प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चलकुशा में केपी ज्वेलरी एवं बर्तन का दुकान का उद्घाटन चलकुशा मुखिया चमेली देवी, आशा देवी, ललिता पांडेय, सोनू कुमार, माधुरी पांडेय पूर्व मुखिया कुमार मोदी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मुखिया चमेली देवी ने कही की इस तरह का दुकान क्षेत्र में खुलने से हम सब पंचायत वासियों एवं प्रखंड क्षेत्र के लोगों को ज्वेलरी एवं बर्तन शादी ब्याह या किसी अन्य कार्य के लिए कोडरमा जिले के परसाबाद या गिरिडीह जिले के सरिया बाजार करने के लिए जाना पड़ता था, अब हम सबों को अपने ही पंचायत या प्रखंड मैं उचित दामों पर ज्वेलरी एवं बर्तन मिल जाया करेगा। इसके लिए मैं स्वर्गीय किशोर प्रसाद के पुत्र निशांत कुमार को बहुत-बहुत बधाई देती हुं। इस मौके पर अमरजीत वर्णवाल, सुनील मोदी, रवि मोदी ,अलख देव सिंह, दिलीप साव समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## मैट्रिक व इंटर की वार्षिक परीक्षा शुरू, 7 परीक्षा केंद्रों पर 187 बच्चो ने लिखा परीक्षा

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर कु0 राणा**



चौपारण : मैट्रिक इंटर की वार्षिक परीक्षा गुरुवार से शुरू हो गई। परीक्षा संचालन के लिए प्रखण्ड में सात परीक्षा केंद्र बनाया गया। सभी केंद्रों पर केंद्राधीक्षक के साथ दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति किया गया है। पहले दिन हालांकि वोकेशन पेपर की परीक्षा था जिस कारण बच्चो की उपस्थिति नही के बराबर रहा। पहले दिन 187 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए वहीं 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस सम्बन्ध मे केबीएसएस +2 उच्च विद्यालय चौपारण परीक्षा केंद्र के सीएस उत्तम कुमार ने बताया कि पहले दिन मैट्रिक की परीक्षा में 76 में 74, इंटर की परीक्षा में 8 में 7 उपस्तिथ हुए । अमौली अपूर्वा उच्च विद्यालय मानगढ़ के सीएस रतन वर्मा ने बताया कि इस केंद्र में मैट्रिक में 36 में 34 व इंटर में 59 में 58 परीक्षार्थी उपस्तिथ हुए। मध्य विद्यालय सिंहपुर के सीएस कमलेश कुमार कमल ने बताया कि इंटर की परीक्षा में 15 में 14 परीक्षार्थी उप. स्तिथ रहे। सभी केंद्रों में सुरक्षा व कदाचारमुक्त एग्जाम को लेकर बीडीओ सह मजिस्ट्रेट प्रेमचन्द सिन्हा के नेतृत्व में पुख्ता इंतेजाम किए हैं।




## विद्यालय में सुविधाओ का घोर किल्लत

**अपेम लाइव गिरिडीह टाउन :**
**आदित्य पांडेय**



गिरिडीह ज़िला के सदर प्रखंड अन्तर्गत पिंडाटांड पंचायत के सुग्गासार गांव में स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में संसाधनों और सुविधाओं का घोर अभाव दिखाई दिया। स्थानीय ग्रामीण शिबबालक राणा ने बताया कि इस विद्यालय की नीव सन 1952ईस्वी में रखी गई थी। ए उस समय की बात है जब शिक्षा ग्रहण करने के लिए विद्यार्थियों को बहुत दूर पैदल जाना पड़ता था। ना ही रास्ते का ठि. काना रहता था और ना ही नदी नालों पर पुल पुलिया होती थी। इन सारी असुविधाओं को देखते हुए इस क्षेत्र के प्रबुद्धजनों ने श्रमदान कर दो खपरैल कमरे बनाया और उसीमे शिक्षा दीक्षा का कार्य शुरू किया गया। समय की रफ्तार के मुताबिक विद्यालय भवन का कायाकल्प होता चला गया। आज राजकीय मध्य विद्यालय के पास कमरों की कमी नहीं है लेकिन रख रखाव के अभाव में सभी विद्यालय भवन जर्जर होते जा रहे हैं। कोई कोई भवन तो टूटकर गिर गया है और कुछ गिराने की कगार पर हैं। राजकीय मध्य विद्यालय में कुल तीन सौ छात्र छात्राएं अध्ययनरत है मगर शिक्षकों की कमी के कारण ठीक ढंग से पढ़ाई नही हो पा रहि है। विद्यालय का एकमात्र चापानल पिछ्ले एक साल से खराब पड़ा इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। ना ही विद्यालय प्रबंधन समिति, ना ही जनप्रति. निधि, ना ही समांजसेवी और ना ही कोई पंचायत प्रतिनिधि। विध्यालय के प्रधानाध्यापक जावेद सफी से इस मामले पर जानकारी मांगी तो उन्होंने बताया कि मैने विद्यालय की हरेक समस्याओं से मैने विभाग सहित स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए आ रहा हु मगर आज तक किसी भी समस्या से निजात मिलती नजर नहीं आ रही है। विद्यालय भवन का बाउंड्रीवाल नही होने के कारण आवारा जानवर विद्यालय भवन में घुस जाते हैं कहीं भी गोबर कर देते हैं। शौचालय टूट जानें के कारण अध्ययनरत विद्यार्थियों को सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। जर्जर अवस्था में विद्यालय भवन होने के कारण कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। विद्यालय भवन कई ऐसे भी हैं जो अर्धनिर्मित अवस्था में पड़ा हुआ है और अब टूट टूट कर गिरने भी लगा है। बिजली की व्यवस्था भी नही है जिसके कारण हमारे इस विद्यालय के शिक्षकगणों को काफी परेशानी होती है पठन पाठन कार्य निष्पादित कराने में। विभाग और स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि कुंभकर्णी नींद में सोया है। क्या वे लोग किसी बड़ी दुर्घटना घटित होने का इंतजार कर रहे हैं। अगर किसी तरह की कोई घटना घटित होती है तो उसका पूर्ण जिम्मेवारी जिला शिक्षा विभाग और स्थानीय पंचायत प्रति. निधियों और जन प्रति. निधियों की होगी मध्यान भोजन बंद रहने के विषय पर उन्होंने बताया कि पूर्व में गठित विद्यालय प्रबन्धन समिति का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। नए सिरे से चुनाव की मुझे कोई विभागिय जानकारी नहीं है, ऐसे में जब तक विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन नही हो जाता है मध्यान भोजन प्रभावित ही रहेगा।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## तमाय पंचायत में तीसरी सरकार अभियान का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

### ग्राम सभा ग्राम पंचायत की आत्मा है – डां चंद्रशेखर

**अपेम लाइव जयनगर**
**धीरज कुमार**




जयनगर के तमाय पंचायत के सभागार मे तीसरी सरकार अभियान के अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप मे तीसरी सरकार अभियान के संस्थापक उत्तर प्रदेश लखनऊ के ड०. चंद्रशेखर प्राण व विशिष्ट अतिथि के रुप मे झारखंड प्रदेश के संयोजक श्री साकेत सिंह, राजा दुबे, राज्य प्रशिक्षक प्रकाश राणा और सुजीत नायक उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तमाय पंचायत के प्रधान लक्ष्मण यादव ने किया। मुख्य अतिथि श्री प्राण ने बताया कि गांव की समस्याओं के निराकरण हेतू गांव को आत्मनिर्भर बनना होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिये सामूहिक पहल और प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिससे समस्याओं के समाधान के लिये सक. ारात्मक पहल होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तीसरी सरकार अभियान ने आत्म. निर्भरता के लिए लोगों से बात करने, समस्या का समाधान ढूंढने और उसकी क्रियात्मक कार्य हेतू ग्राम सभा के माध्यम से लोग निरंतर बैठक करें। ज्ञात हो कि 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस मनाए जाने का कारण 73वाँ संविधान संशोधन अधिनियम,1992 है। जो 24 अप्रैल 1993 से प्रभाव में आया था। भारत दुनियां का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और कोई भी देश, राज्य या संस्था सही मायने में लोकतांत्रिक तभी मानी जा सकती है जब शक्तियों का उपयुक्त विकेंद्रीकरण हो एवं विकास का प्रवाह ऊपरी स्तर से निचले स्तर की ओर होने के बजाय निचले स्तर से ऊपरी स्तर की ओर हो। वहीं व्यख्याता साकेत सिंह ने कहा पंचायती राज व्यवस्था में विकास का प्रवाह निचले स्तर से ऊपरी स्तर की ओर करने के लिये वर्ष 2004 में पंचायती राज को अलग मंत्रालय का दर्ज़ा दिया गया। इस दौरान मुखिया लक्ष्मण यादव ने कहा कि उनके लिये सौभाग्य की बात है कि तीसरी सरकार अभियान का कार्यक्रम उनके पंचायत मे हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनका शुरु से प्रयास रहा है कि तमाय पंचायत एक आदर्श पंचायत हो, जिसमें सभी का सहयोग प्राप्त हुआ। जिसका प्रतिफल केंद्र सरकार से तमाय पंचायत को पुरूस्कार मिलना है। उन्होंने इसके लिए ग्राम पंचायत और ग्राम सभा के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सुजीत नायक ने सभी अतिथियों का परिचय कराते हुवे मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को बारी बारी से बुके और फूलमाला देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की रुपरेखा पर प्रकाश राणा ने विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि वैदिक काल से लेकर वर्तमान समय तक गाँव मे पंचप्रमेश्वर अपना कार्य कर रहे है। पंचायतो के संस्थागत विकास और सशक्तिकरण के लिए जनसहयोग बहुत जरूरी है। सुजीत नायक ने कहा कि भारत में पंचायती राज के गठन व उसे सशक्त करने की अवधारणा महात्मा गांधी के दर्शन पर आधारित है। गांधी जी के शब्दों में ”सच्चा लोकतंत्र केंद्र में बैठकर राज्य चलाने वाला नहीं होता, अपितु यह तो गाँव के प्रत्येक व्यक्ति के सहयोग से चलता है। कार्यक्रम में द्वारिका यादव, मो समीम अंसारी, चंद्रदेव यादव, सुरेश यादव, शांति देवी, संगीता देवी, विरेन्द्र पांडेय, सकिना खातुन, कैलाश चौधरी, मो गुलाम रसूल सहित सभी वार्ड सदस्य, शिक्षकगण, सामाजिक कार्यकर्ता व गणमान्यजन उपस्थिति थे।

## पिपराडीह में टेली-लॉ कानूनी जागरूकता एवं सलाह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**




न्याय विभाग, भारत सरकार से सम्बद्ध कौमन सर्विस सेंटर (सी.एस.सी.) के माध्यम से और टेली–लॉ की ओर से कोडरमा जिले के चन्दवारा के पिपराडीह पंचायत भवन में निरू शुल्क कानूनी जागरूकता एवं सलाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में टेली–लॉ के स्टेट पैनल ल०यर भैया बांके बिहारी ने विभिन्न सामाजिक विकृतियों और समस्याओं जैसे –दहेज, पारिवारिक विवाद, घरेलू हिंसा से बचाव, आपरा. धिक मामलों, भरण –पोषण, भूमि विवाद आदि विषयों पर प्रकाश डाला और इनसे समाज को बचाने के लिए भी मार्गदर्शन और सलाह दिया। कार्यक्रम में देवेन्द्र कुमार (डी.ई.सी.), महेश राणा (भी.एल.ई.), जगवीर कुमार वर्णवाल, सूरज कुमार संदीप यादव, मनोज कुमार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में महिलाओं के कानूनी समस्याओं का समाधान भी किया गया। लगभग पचास महिला और पुरुषों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अन्त में देवेन्द्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## विष्णुगढ़ में आदिवासी समाज ने मनाया सरहुल पर्व

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


मुख्य अतिथि का स्वागत करते आदिवासी समाज के लोग

विष्णुगढ़ : प्रखंड के जोबर पंचायत के अंतर्गत केंदैयाटांड़ टोला में बुधवार को आदिवासी संथाल समाज का महापर्व बाहा पोरोब सरहुल काफी धूमधाम से मनाया गया। इस पुजा में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान मुनीलाल महतो ने पूजास्थल पर आदिवासी समाज के महापर्व बाहा सरहुल पूजा स्थान में शीश झुकाकर क्षेत्र की शांति, सौहार्द एवं खुशहाली की कामना की। लोगों ने उनका पलाश, सखुवा आदि के फूल से निर्मित माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा की सरहुल पूजा प्रकृ ति के प्रति प्रेम और समर्पण को दर्शाता है। जिसमें पूरे उल्लास के साथ प्रकृति के संरक्षण के साथ आदि काल से चली आ रही संथालियों की बे. मिसाल परंपरा के निर्वहन और उसके मूल रूप में सहेजे जाने का भी संदेश है। उन्होंने सभी को सरहुल पूजा की शुभक. ामनाएं दी। मांदर की थाप पर पारंपरिक नृत्य में भी शामिल हुए। मौके पर उपस्थित पोखलाल महतो, मोतीलाल सोरेन, लालचंद सोरेन, संतोष टुड्डू, करमचंद मांझी, हरी टुड्डू, दिलीप टुड्डू समेत कई लोग मौजूद थे।

## महिला ने लगाया डायन कह कर प्रताड़ित करने मारपीट, छेड़छाड़ करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप एक आरोपी हिरासत में

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**



तिलैया डैम ओपी क्षेत्र के गैड़ा गाँव निवासी धनेश्वरी देवी पति अर्जुन यादव ने उसी गाँव के मुकेश यादव उर्फ भुटानी यादव व मनोज यादव दोनों के पिता ईश्वर यादव पर डायन कह कर प्रताड़ित करने, मारपीट करने, छेड़छाड़ करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए तिलैया डैम ओपी में आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में महिला ने कहा है कि गुरूवार को दोपहर लगभग 12 बजे मैं अपने घर के पास दरवाजे के निकट खड़ी थी। इसी बीच गैड़ा निवासी मुकेश यादव उर्फ भुटानी यादव व मनोज यादव दोनों के पिता ईश्वर यादव मेरे पास आकर मुझे कहने लगा कि तुम डायन है, तुम्हारे वजह से मेरा घर में बहुत क्षति हो रहा है। जब मैं उसे ऐसा कहने से मना किया तो मेरे साथ दोनों भाई छेड़छाड़ तथा चक्का–मुक्की करने लगा व जान मारने की नीयत से जमीन पर गिरा दिया। तब मैं जोर–जोर से चिल्लाने लगी। मेरी आवाज सुनकर घर से मेरे पति अर्जुन चन्द्र यादव तथा पुत्र कुलवीर यादव बाहर निकले और मुझे बचाने के लिए मुझे जमीन से उठाया। इसी बीच मुकेश यादव ने मेरे पति को पास में रखे लोहे की रड से नाक पर जोर से वार कर दिया,जिससे नाक, ओठ तथा मुंह से खुन निकलने लगा। दांत में चोट लगने से दांत बुरी तरह से हिल गया। इसी दौरान मनोज यादव ने मेरे पुत्र को डंटे से मारपीट कर रहा था। मनोज यादव ने मेरे पुत्र को पटक कर छाती पर बैठ कर जान मारने की नियत से दोनों हाथों से मेरे पुत्र का गला दबाने लगा। हमलोग का शोर सुनकर आस–पास के लोग आए,जिससे हमलोगों की जान बच पाई। जाते जाते दोनो भाई धमकी देकर गए है कि हमलोगों का पहुँच उग्रवादियों से है। चतरा से उग्रवादी लाकर जान से मरवा देगें। महिला ने उपरोक्त दोनों भाई पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। इधर तिलैया डैम ओपी प्रभारी मदन मुंडा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मुकेश यादव उर्फ भूटानी यादव को हिरासत में ले लिया है खबर लिखे जाने तक मनोज यादव की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छानबीन कर रही थी। ओपी प्रभारी मदन मुंडा ने बताया कि मामला गंभीर है इसमें संलिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

## उच्च विद्यालय डेबो में दशम के बच्चों को दिया गया विदाई

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर कु0 राणा**



उच्च विद्यालय डेबो में वर्ग दशम के बच्चों के कार्यक्रम आयोजित कर स्कूल से विदाई दिया गया। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए सभी स्कूली बच्चों को प्राचार्य सरयू राणा, प्रबंधन समिति अध्यक्ष गुड्डू रविदास व अन्य शिक्षको ने शुभकामनाएं दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुरेश गुप्ता ने किया। प्राचार्य ने बच्चो का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा में निर्भीक होकर परीक्षा लिखे। अच्छे अंक लाकर स्कूल व अपने माता पिता का नाम रौशन करे। अध्यक्ष गुड्डू ने कहा की आपका परीक्षा परिणाम स्कूल का सम्मान बढ़ाएगा। शिक्षक प्रमेश्वर साव ने कहा कि बच्चों के साथ बिताए पल हम सब शिक्षक याद रखेंगे। इससे पूर्व वर्ग नवम के बच्चों ने स्कूल से विदाई ले रहे वर्ग दशम के बच्चों को पेन देकर कार्यक्रम में स्वागत किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। मौके पर शिक्षक दानिश अली, विजय यादव, मनोज शर्मा, प्रेम कुमार सहित अन्य।

APEM LIVE

## बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल गिरिडीह शाखा इकाई ने किया सांकेतिक प्रर्दशन

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मण्डल गिरिडीह शाखा इकाई आगामी 28-29 मार्च को प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल मे शामिल है -धर्मप्रकाश आज दिनांक 23.03.2022 को अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ (एआईआईईए) के तत्वाधान मे बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मण्डल , गिरिडीह शाखा इकाई के बैनर तले एलआइसी तमाम कर्मियों ने भोजनावकाश के दौरान द्वार प्रदर्शन कर के आगामी 28-29 मार्च को प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल के लिए अपनी पूर्ण प्रतिबद्धता जताई एवं इस आहूत हड़ताल की सफलता के लिए तैयारियों की समीक्षा की। मंडलीय संयुक्त सचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि पूरे देश के कुल 10 ट्रेड यूनियनों ने संयुक्त रूप से भारत सरकार की मजदूर किसान विरोधी नीतियों, विनाशकरी आर्थिक नीतियों, जन वि. रोधी नीतियों, सरकारी उपक्रमों के अनावश्यक निजीकरण की मुहिम, देश की परिसंपत्तियों को निजी औदद्योगिक घरानों को सा. ैंपने हेतु किये जा रहे अनावश्यक विनिवेशीकरण, बेतहाशा महंगाई, भीषण बेरोजगारी और आम जन सरोकार के मुद्दों के प्रति सरकार की उदासीन रवैये के खिलाफ आगामी 28 एवं 29 मार्च को अखिल भारतीय स्तर पर सम्पूर्ण हड़ताल का आहव्हान किया है। आज के द्वार प्रदर्शन मे एलआइसी मे प्रस्ता. वित आईपीओ के पुरजोर विरोध मे, पीएसयूएस मे विनिवेशीकरण के विरोध मे, एलआइसी मे फ़ैमिली पेंशन मे सुधार के लिए, न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) को निरस्त कर उसके स्थान पर 1995 पेंशन स्कीम को सभी एलआइसी कर्मियों पर बहाल करने हेतू, एलआ. इसी मे भी पेंशन मे पे. रिओडिक अपडेशन करने हेतू एवं एलआइसी मे तृतीय एवं चतुर्थ संकाय मे नियमित बहाली चालू करने की अपनी तमाम न्यायोचित मांगों के त्वरित समाधान के लिए एलआ. इसी प्रबंधन पर दबाव को और धारदार बनाएँगे। कार्यक्रम में अध्यक्ष संजय शर्मा मंडलीय सहायक सचिव अनुराग मुर्मू संयुक्त सचिव विजय कुमार राजेश कुमार उपाध्याय कुमकुम बाला वर्मा डेनियल मरांडी श्वेता कुमारी अंशु सिंघानिया अंजलि श्वेता प्रज्ञा आनंद सबा परवीन दीपक कुमार पासवान नीरज कुमार सिंह नीतीश कुमार गुप्ता प्रवीण कुमार हंसदा अनिल कुमार वर्मा प्रीतम कुमार मेहता प्रभास कुमार शर्मा महेश्वरी वर्मा सुनील कुमार वर्मा संजय कुमार शर्मा विजय कुमार गौरव कुमार सिंह सहित सभी कर्मचारियों ने भाग लिया।

## महुआ चुनने वाले लोगो ने जंगल में लगाया आग,वन संम्पति बर्वाद

**अपेमलाइवः गिरिडिह**
**रोहित कुमार**



इन दिनो महूआ चुनने के लिए लोग जंगलो को साफ-सफाई कर रहे है जंगल को साफ करने के लिए महूआ चुनने वाले लोग जंगल में आग लगा रहे है यह आग प्रतापपुर वन क्षेत्र के बरवाकोचवा,ककहीया,भीथा, अमझर समझर समेत कई जगंलो में लगा हुआ है ।जगंल में आग लगने से बेसकीमती लकड़ियो जलकर बर्वाद हो गया है वही वनसंम्पतियो को भी काफी नुकसान हुआ है तो सैकड़ो छोटे-जीव-जन्तु जलकर राख हो चुके है जंगल को जलते देख कुछ जंगली जानवर अपनी पनाह लेने के लिए गांव की ओर भाग रहे है ।इस संबंध में वन क्षेत्र पदाधिक. ारी राजबल्लभ पासवान का कहना है इन दिनो में जंगल में आग महूआ चुनने वाले लोगो द्वारा लगाया जा रहा है आग लगने से जंगल के वेस्क. ीमती लकड़ियो के साथ-साथ वन संम्पती एवं वन प्राणी को काफी नुकसान हो रहे है वही इस आग लगी में छोटु-जीव जन्तु जलकर राख हो रहे है सूचना मिलते ही वनकर्मी आग को बुझाने में लगे है उन्होने लोगो से अपील किया है अपने छोटा सा लालच में आकर जंगल में आग नही लगाये ।महूआ चुनने के इस तरह के हरकत से समस्त गांव वासियो को खम्याजा भुगतना पडेगा तथा पर्यावरण प्रदुषित हो जाता है आग लगाने वाले लोगो को चिन्हित कर प्राथमिकी दर्ज किया जाएगा।

## बी डी ओ ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

### कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों के समीप लगी धारा 144

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



कन्हाचट्टी प्रखंड के दो परीक्षा केंद्रों पर माध्यमिक बोर्ड की परीक्षा गुरुवार से प्रारंभ कर दी गई है। झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित इस परीक्षा को कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने को लेकर दोनों केंद्रों पर केन्द्राधीक्षकों के अलावा मजिस्ट्रेट की भी नियुक्ति की गई है। बी के प्लस टू उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र पर मजिस्ट्रेट के रूप में प्रकाश कुमार कनीय अभियंता एवं रामनगर उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र पर निरंजन कुमार सिंह प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को मजिस्ट्रेट बनाया गया है ।वहीं बीके प्लस टू उच्च विद्यालय में केंद्र अधीक्षक पवन कुमार चौधरी को बनाया गया है। गुरुवार को परीक्षा शुरू होते ही प्रखंड विकास पदा. धिकारी हुलास महतो ने दोनों परीक्षा केंद्रों पर जाकर कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने को लेकर निरीक्षण किया । निरीक्षण के क्रम में श्री महतो ने केन्द्राधीक्षकों को कहां की परीक्षा केंद्र से 200 मीटर की परिधि में धारा 144 लगाई गई है,200 मीटर की दूरी तक किसी भी भीड़भाड़ को न लगने दें ।एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस की तैनाती की गई है ।श्री महतो ने कहा कि दोनों परीक्षा केंद्रों पर गुरुवार से शांति व कदाचार मुक्त परीक्षा शुरू कर दी गई है।

## अंबा प्रसाद ने की बड़कागांव एवं केरेडारी में कोल्ड स्टोरेज खोलने की मांग

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड में कोल्ड स्टोरेज बनवाने की मांग विधानसभा में उठाईद्य उन्होंने सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि हजारीबाग जिला अंतर्गत बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड के लोग कृषि कार्य पर ही निर्भर है, दोनों प्रखंडों में कृषि उत्पाद को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने हेतु कोल्ड स्टोरेज नहीं है इसलिए किसान हित को ध्यान में रखते हुए बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड में कोल्ड स्टोरेज का निर्माण निशांत आवश्यक है। ताकि किसानों के फसल को गलने सड़ने से बचाया जा सके।

## बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय यक्ष्मा दिवस मनाई गई दी गई महत्वपूर्ण जानकारियां

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



मरीज को दवा देते डॉ अविनाश कुमार

राष्ट्रीय यक्ष्मा दिवस के मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव में कार्यवाहक चिकित्सा प्रभारी ड०क्टर अविनाश कुमार की अध्यक्षता में एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ड० अविनाश कुमार के द्वारा यक्ष्मा ,टीबी के लक्षण उपचार व दवा सेवन करने की विधि को विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। साथ ही संभावित मरीजों के जांच के लिए स्पुटम कंटेनर का वितरण किया गया ।एंव टु- नेट टेस्ट के लिए फालकन ट्यूब का भी वितरण किया गया । इस अवसर माइनिंग क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सहिया दीदीयों को विशेष रूप से उरीमारी, पोटंगा, हेसाबेडा, असवा,तिलैया, गरसूला, जरजरा क्षेत्र के मरीजों की जॉच करवाने की सलाह दी गई । समारोह में मुख्य रूप से दीपक केरकेट्टा एस टी एस, बीपीएम नवीन कुमार, सुधीर कुमार आजाद, अन्य सहायक चि. कत्सक, फार्मासिस्ट बृजेश कुमार, के अलावे अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## वर्षों से रिक्त पड़ा है आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका और सहायिका का पद

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखंड अंतर्गत आंग. नबाड़ी के कई केंद्रों में से. विका एवम सहायिका का पद वर्षो से खाली पड़ा है बिरनी प्रखंड में कुल 191आंगनबाड़ी केंद्र है जिसमे 8 सेविका तथा 7 सहायिका का पद रिक्त है वहीं कई आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका एवम सहायिका को इस्तीफा देने के बाद भी नही किया गया है चयन महिला पर्यवेशिक्षका इंदु देवी ने बताया कि टाटो मनिहारी पूर्वी,गा. ंगरा,रूपायडीह में कहीं से. विका तो कहीं सहायिका का पद वर्षो से रिक्त है, वहीं टाटो में सेविका चुनाव के लिए कई बार तारीख भी निकला लेकिन चुनाव को बार बार केंसिल कर दिया जा रहा है वहीं सीडीपीओ मायारानी ने बताया कि सेविका 8 तथा सहायिका 7 रिक्त पद है साथ ही यह भी बताया कि पूरे जिले में 3 सीडीपीओ के भरोसे चल रहा है 13 प्रखंड मायारानी ने बताया कि मुझे राजधनवार में पदभार मिला है बल्कि जमुआ,बिरनी का अतिरिक्त पदभार सीडीपीओ के तौर पर है,वहीं सीडीपीओ मायारानी ने बताया कि केवल बिरनी प्रखंड और गिरिडीह जिले ही नही पूरे झारखण्ड का यही हाल है वहीं 3 महिला पर्यवेक्षिका को अतिरिक्त सीडीपीओ अलग-अलग प्रखंडों का पद भार दिया गया है इस संदर्भ में जब बिरनी प्रखंड बल कल्याण कार्यालय के लेखा सहायक राजकुमार से हमने बात किया तो रिक्त पद से सम्बंधित जानकारी मिली

APEM
LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## साक्षरता कर्मियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह पुस्तक वितरण कार्यक्रम संपन्न

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


पुस्तक वितरण करते प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी घनश्याम साहू

बड़कागांव प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी घनश्याम साहू की देखरेख एवं बीपीएम विशेश्वर राम के नेतृत्व में बीआरसी भवन बड़कागांव में प्रखंड के साक्षरता कर्मियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद 15 वर्ष से अधिक उम्र के नवसाक्षरों के लिए पढ़ो–लिखो पुस्तक का वितरण साक्षरता कर्मियों के बीच किया गया। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदा. धिकारी घनश्याम साहू ने कहा कि प्रखंड के साक्षरता कर्मी बड़ी ही इमानदारी पूर्वक से सरकार द्वारा जारी सभी दिशा निर्देश का पालन करते आए हैं । विगत कई माह से साक्षरता कर्मियों का मानदेय बकाया है। इसके बावजूद साक्षरता अभियान को पूरी निष्ठा के साथ सफल बनाने में अपना अहम योगदान देते रहे हैं।विश्वास के साथ साक्षरता कर्मी आगे के भी कार्यक्रम को सफल बनाने का कार्य करेंगे। बकाया मानदेय को लेकर वरीय पदाधिकारी के साथ मिलकर भुगतान करने की बातचीत रखुंगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीपीएम प्रह्लाद प्रसाद गुप्ता, विश. ेश्वर राम, पंचायत समिति सदस्य बासमती देवी, साक्षरता कर्मी अनील कुमार, नरेश कुमार, मुंशी महतो, मोहम्मद शमीम, बालेश्वर महतो, गिन्नी वर्मा, श्वेता भारती,फुलमती देवी, गायत्री देवी, सरस्वती देवी, किरण देवी, यशोदा देवी, मीना देवी, सुनीता देवी, सहित प्रखंड के अन्य साक्षरता कर्मी शामिल थे।

## कल्याण विभाग के डायरेक्टर ने किया एकलब्य विद्यालय एवं कब्रिस्तान बाउंड्री का निरीक्षण

### कान्हाचट्टी के एकलब्य विद्यालय में अप्रैल से शुरू होगा नामांकन : डायरेक्टर

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**





गुरुवार को जिले के एकमात्र कल्याण विभाग द्वारा बनाए जा रहे एकलव्य विद्यालय का निरीक्षण कल्याण विभाग के डायरेक्टर के के सिंह एवं चतरा जिला कल्याण पदा. धिकारी गौरांग महतो ने की। एकलव्य विद्यालय के अलावा कल्याण विभाग द्वारा प्रखंड के धमधमा गांव में बनाए जा रहे कब्रिस्तान के चहारदीवारी का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में कन्हाचट्टी प्रखंड के चारु पंचायत के मध्य/उच्च विद्यालय पेलतौल के समीप बनाए जा रहे एकलव्य विद्यालय का निरीक्षण किए और निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला कल्याण पदा. धिकारी को कई दिशा निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि अप्रैल माह से एकलव्य विद्यालय में नए सत्र के साथ पढ़ाई भी शुरू हो जाएगी। पढ़ाई के पूर्व कल्याण पदाधिकारी को विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का नामांकन का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही बच्चों का नामांकन के साथ एकलव्य विद्यालय में पढ़ाई शुरू हो जाएगी नामांकन को लेकर कल्याण पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश भी दिए।इसके बाद श्री सिंह धमधमा गांव के कब्रिस्तान की बाउंड्री का भी निरीक्षण किया ,निरीक्षण के क्रम में उन्हाने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं में कब्रिस्तान का बाउंड्री भी एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। वही जिला कल्याण पदाधिकारी गौरांग महतो ने कहां की कान्हाचट्टी के प्रखंड के वीरेखाप गांव में निवास करने वाले बिरहोरों को जल्द ही जर्जर आवास से मुक्ति मिल जाएगी।उनके जर्जर आवास को जिनका मरम्मत लाइक होगा उनका आवास मरम्मत होगा और जो बिल्कुल जर्जर होगा उन्हें नए आवास दिया जाएगा। इनके साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी हुलास महतो एवं बीपीओ निरंजन सिंह भी उपस्थित थे।

## हजारीबाग मे रामनवमी जुलूस निकालने की अनुमति को लेकर विधायक अंबा प्रसाद के संग रामनवमी महासमिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से किया मुलाकात

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान दिन बुधवार को श्री श्री चौत्र रामनवमी महासमिति हजारीबाग के प्रति. निधिमंडल ने रामनवमी जुलूस की अनुमति को लेकर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के संग माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कियाद्य झारखंड विधानसभा में अवस्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुलाकात के दौरान माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वह खुद हजारीबाग समेत पूरे राज्य भर में रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाने के पक्ष में है एवं राज्य सरकार धार्मिक भावनाओं से अवगत है, वस्तु स्थिति का आकलन कर सरकार निर्णय लेगी तथा इस संबंध में एक–दो दिन के भीतर सारा निर्णय सार्वजनिक कर दीया जाएगाद्य ज्ञात हो कि अंबा प्रसाद ने पूर्व ही विधानसभा में हजारीबाग रामनवमी की अंतरराष्ट्रीय ख्याति एवं गौरवशाली इतिहास पर सदन में ध्यान आकृष्ट कराते हुए जुलूस पर लगे प्रतिबंध को हटाते हुए हजारीबाग समेत पूरे राज्य भर में रामनवमी एवं सरहुल जुलूस निक. ालने की अनुमति की मांग की थी एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर जुलूस की अनुमति को लेकर ज्ञापन भी सौंपा थाद्य मौके पर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, रामगढ़ विधायक ममता देवी, हजारीबाग रामनवमी महासमिति अध्यक्ष पवन गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष मनीष कुमार, शशि भूषण केसरी,कुश सिन्हा, आलोक कुमार, विशाल बाल्मीकि, विकास कुमार, सुनील चंद्रवंशी, अमर कुमार मौजूद थेद्य

## झारखंड गृह रक्षकों का नहीं मिला 13 महीनों का वेतन, सरकार साधी है चुप्पी

### विभिन्न जिलों में वन विभाग में वर्ष 2013 से गृहरक्षकों की है प्रतिनियुक्ति

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



चतरा जिला अन्तर्गत वन विभाग में कार्यरत बेबस गृहरक्षकों ने वित्तीय वर्ष समाप्ति के अन्तिम बेला में हजारीबाग बड़कागांव विधायिका सुश्री अम्बा प्रसाद के माध्यम से 13 महीनों से लंबित वेतन का जल्द भुगतान के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की है मांग। वेतन के नहीं मिलने से गृहरक्षकों में भारी असंतोष तथा आक्रोश व्याप्त देखने को मिल रहा है। वहीं उत्तरी तथा दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी आश्वासन के घुट्टी गृहरक्षकों के देते आ रहे है। वर्ष में ऐसे कई पर्व त्योहारों के अवसरों पर भी लोगों को कमाई का राशि नही दी गयी। अंततः सब्र के बांध को तोडत हुए गृहरक्षकों ने अपने मांगो के लिए सरकार से जल्द भुगतान के लिए गुहार लगायी है। आखिर ऐसे यक्ष प्रश्नों के जवाब देह कौन, यह गभीर विषय है। हालांकि चतरा जिला गृह रक्षावाहिनी ईकाई ने अपने बकाया वेतन के भुगतान लिए तथा अपने स्थिति से माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मुख्य सचिव झारखंड , प्रधान वन संरक्षक झारखंड, उपायुक्त चतरा, महानिरीक्षक गृह रक्षावाहिनी झारखंड, जिला समादेष्टा चतरा को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया गया है जिसमें अविलंब भुगतान करने का मांग की गयी है। मांग करने वालों में गृहरक्षक दुर्गा प्रसाद शर्मा, अशोक कुमार, मिथिलेश तिवारी, सुरेंद्र सिंह, दामोदर कुमार, प्रदीप कुमार सिन्हा, कामो सिंह, प्रवेश कुमार सिंह, घमंडी यादव, हीरा साव, जुरा बारला, विनोद पांडेय, अवध बिहारी सिंह, मोती तिवारी, आदित्य मिस्त्री, राजेन्द्र पांडेय आदि जवान शामिल हैं।

## नगर निगम द्वारा निकाली गई निविदा को झारखंड लोकल बॉडीज के प्रदेश अध्यक्ष ने कर्मचारी हित में बताया!

**अपेम लाइवः गिरिडिह**
**रोहित कुमार**




बीते दिन नगर निगम ने अपने क्षेत्र अंतर्गत शहर के सैरातों के लिए निविदा निकाली। इस बाबत झारखंड लोकल बॉडीज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया कि निगम में राजस्व वृद्धि हेतु यह निविदा निकाली गई है जो कर्मचारियों के हित में होगा। श्री सिंह ने कहा कि कई कर्मचारी या तो रिटायर कर जाते है या उनकी मृत्यु हो जाती है जिससे निगम में पैसे की कमी के कारण कर्मचारियों को पर्याप्त भुगतान नहीं कर सकती है और इस निविदा से निगम में पर्याप्त फंड आ पाएगा जिससे कर्मचारियों को समय पर भुगतान आदि हो पाएगा।

APEM
LIVE